तापमान
अधिकतम 36.2 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, बुधवार 7 मई 2025


14 द्वारकाधीश धाम में भागवत कथा श्रवण के लिए ...


14 अहिल्या को मौके पर मिला श्रमिक कार्ड, अब शासन...



## खबर संक्षेप

### एक्सीडेंट में एक घायल

**महासमुंद।** कार की टक्कर से एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस को प्रार्थी लखन निवासी वार्ड 1 ने बताया कि 2 मई को वह बिहारी किराना दुकान से सामान खरीदकर घर जा रहा था, उसी समय करीबन 12 बजे स्विफ्ट कार क्र सीजी 06 3842 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर पीछे से उसे ठोकर मार दिया। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### गर्भवती से मारपीट



**महासमुंद।** गर्भवती महिला से मारपीट करने के मामले में बागबाहरा थाने में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थिया पूजा चौहान निवासी वार्ड नं 14 पोटरपारा बागबाहरा ने बताया कि 5 मई की 8.30 बजे घर में थी, उसी समय मोहल्ले का सूरज उर्फ सन्नी मानिकपुरी ने घर के दरवाजा के पास आकर पानी मांगा, पानी पीने के बाद वह उसके साथ गाली गलौज करने लगा तथा दरवाजे के बाहर से ईंट से फेंक कर पेट में मार दिया। प्रार्थिया ने बताया कि वर्तमान में वह 4 माह की गर्भवती है। रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### जीजा ने की मारपीट

**महासमुंद।** मामूली विवाद को लेकर ग्राम खैरझिटी में एक व्यक्ति के साथ उसके जीजा ने मारपीट कर दी। तुमगांव पुलिस को टेमेश्वर सिन्हा ने बताया कि 4 मई को उसके घर में छट्ठी का कार्यक्रम था। जिसमें उसके जीजा और दीदी आये थे। रात 8 बजे जब उसके मोहन जायसवाल प्रार्थी की दीदी को करीबन रात्रि 8 बजे घर ले जाउंगा कहने लगे तब उसने कहा कि अभी रात हो गई है रूक जाओ। लेकिन जीजा ने तुम कौन होते हो मुझे मना करने वाले कहकर गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### हथियार लहराकर डराने वाले व्यक्ति पर कार्रवाई

**महासमुंद।** हथियार लहराकर लोगों को डरा धमका रहे व्यक्ति पर बागबाहरा पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बाजारपारा, बागबाहरा के पास आरोपी दीपक साहू पिता परमानंद साहू (38 साल) को अपने हाथ में धारदार हथियार लेकर लोगों को डराते धमकाते हुए पाया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# प्रथम चरण में आरटीई के 1712 सीटों के लिए 1453 छात्र चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आरटीई के तहत निजी स्कूलों में निःशुल्क शिक्षा और प्रवेश के लिए शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए सोमवार को लॉटरी से प्रथम चरण में प्रवेश पाने वाले 1453 छात्र- छात्राओं का चयन हुआ। अब 30 मई तक उक्त विद्यार्थियों को आवंटित स्कूलों में दाखिला देने की प्रक्रिया पूरी होगी। बता दें कि वर्तमान शिक्षण सत्र के लिए आरटीई में प्रवेश के लिए लोक शिक्षण संचालनालय ने 25 नवंबर को ही शेड्यूल जारी कर दिया था। समय सारिणी के अनुसार प्रथम चरण में बच्चों के आवेदन के पूर्व 217 स्कूलों का पंजीयन किया गया। स्कूलों का पंजीयन होने के साथ ही प्रोफाइल अपडेट, हैबिटेशन की मैपिंग एवं दर्ज संख्या की प्रविष्टि की गई। पश्चात एक मार्च से आनलाइन आवेदन लेने की प्रक्रिया शरू हुई। प्रथम चरण में आवेदन लेने की प्रक्रिया 31 मार्च तक चली। आरटीआई प्रभारी देवेश चंद्राकर ने बताया कि कुल प्राप्त 3230 आवेदन में से 794 आवेदन अलग-अलग कारणों से निरस्त किए गए और शेष 983 आवेदन वेटिंग में रखे गए हैं। जिन बच्चों का लॉटरी में चयन हुआ है उनका दाखिला 30 मई तक आवंटित स्कूलों में होगा।

## मिले थे 3230 आवेदन, 794 हुए निरस्त, 983 वेटिंग में

### 1712 सीटों के लिए मिले थे 3230 आवेदन

जानकारी के अनुसार प्रथम चरण के लिए कुल 1712 सीटों के लिए 3230 आवेदन प्राप्त हुए। आवेदन पश्चात नोडल अधिकारियों द्वारा दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। सत्यापन पश्चात सोमवार को लाटरी निकाली गयी जिसमें कुल 1712 सीटों के लिए 1453 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ।

- प्रथम चरण में आवेदन लेने की प्रक्रिया 31 मार्च तक चल
- दाखिला 30 मई तक




### दूसरे चरण के लिए 20 जून से आवेदन

उन्होंने बताया कि दूसरे चरण में 2 से 16 जून के मध्य नए स्कूलों का पंजीयन व अन्य प्रक्रिया पूर्ण होगी और आनलाइन नए आवेदन 20 जून से 30 जून के बीच , दस्तावेजों की जांच 1 जुलाई से 8 जुलाई के बीच और नए तथा शेष बचे ( प्रथम चरण में प्राप्त) 14 से 15 जुलाई के बीच लॉटरी निकाली जाएगी व 18 जुलाई से 31 जुलाई के बीच स्कूलों में दाखिला दिया जाएगा।

### बड़े स्कूलों में नहीं मिल पाता प्रवेश

शहर के बड़े निजी स्कूलों में ही आरटीई के तहत प्रवेश के लिए जद्दोजहद रहती है। निःशुल्क शिक्षा के लिए एक सीट के लिए 15 से 20 आवेदन आए हैं। 25 प्रतिशत सीटों पर प्रवेश के लिए जोर लगा रहे हैं। बड़े निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले ज्यादातर पालकों को निराशा ही हाथी लगती है।

### सेजेस में पहली में प्रवेश के लिए लाटरी 9 को

स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल नयापारा में शिक्षा सत्र 2025-26 में कक्षा पहली में प्रवेश के लिए लाटरी तुमाडबरी स्थित शासकीय इंग्लिश स्कूल में प्रातः 9 बजे से होगी। पारदर्शिता के लिए डीईओ द्वारा विकासखंड स्तर की समिति का गठन किया गया है। पूरी प्रक्रिया की फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी होगी। संस्था के प्राचार्य अमी रूफस ने समस्त पालकों से उपस्थिति का अनुरोध किया। उक्ताशय की जानकारी संस्था के मीडिया प्रभारी प्रमोद कुमार कन्नौजे ने दी।

## कड़े तेवर : सुशासन तिहार के कार्यक्रम में बिफरी सांसद रूपकुमारी

# आईएएस, आईपीएस, नेता, मंत्री नहीं, पटवारी सबसे बड़ा : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिंदा आदमी को मृत और मृत को जिंदा घोषित करने का कारनामा केवल पटवारी ही कर सकता है। लोग आईएएस, आईपीएस, नेता, मंत्री को बड़ा आदमी मानते हैं लेकिन, सबसे बड़ा आदमी पटवारी है। मुख्यमंत्री जी ने भी कह दिया है कि यमराज से भी बड़ा आदमी पटवारी है। उन्होंने कहा कि जमीन बरसात में बढ़ जाती है या गर्मी में सिकुड़ जाती है ऐसा हो नहीं सकता। फिर पटवारी किसी की जमीन किसी के नाम कैसे कर देता है। उन्होंने हाल ही में पटवारियों को लेकर अखबारों की सुर्खियों का भी जिक्र किया।

गनेकेरा में आयोजित सुशासन तिहार के अंतिम चरण समाधान शिविर में सांसद रुपकुमारी चौधरी ने कमीश्नर और कलेक्टर की मौजूदगी में जमीनी अमले की जमकर खिंचाई की। उन्होनें कहा कि वे सोमवार को एक कार्यक्रम में शामिल होने ग्राम बड़े टेमरी पहुंची। जहां 5 हैंड पंप खराब है लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। क्षेत्र में बने 80% पानी टंकियों में जल भराव नहीं होने के कारण लोगों के घरों तक जल की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल, हर घर नल योजना के तहत घर-घर तक पानी देने की योजना का क्रियान्वयन के दावे हो रहे हैं। श्रीमती चौधरी ने आगे कहा कि भालूपतेरा से मिले एक आवेदन के संबंध में यह कहा गया कि दूरी के कारण आवेदन निराकृत नहीं किया जा सकता। उन्होंनें समाधान शिविर के तहत राजस्व विभाग द्वारा बताए गए 1209 प्राप्त आवेदन में से 1209 आवेदन के निराकरण किये जाने पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि 100 फीसदी निराकरण बहुत बड़ी बात है। लेकिन, मेरा मानना है कि 1209 आवेदन में 50% भी निराकृत हो गया होगा तो बहुत बड़ी बात है। उन्होनें कहा कि किसी भी दफ्तर में बिना पैसे के कोई काम नहीं हो रहा। जबकि, भारतीय जनता पार्टी की केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की विष्णु देव साय सरकार के शासन में किसी भी विकास कार्य के लिए पैसे की कमी नहीं है। लेकिन स्थानीय अधिकारी कर्मचारी ठीक नहीं है।

इस अवसर पर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मोहित पटेल, जनपद सदस्य डिलेश्वरी मिलाय निराला, नरेन्द्र यादव, डेविड पटेल, सरपंचगण, जिला पंचायत के सीईओ एस आलोक, एसडीएम मनोज खांडे, जनपद सीईओ पीयूष ठाकुर, तहसीलदार सुश्री ममता ठाकुर जिला स्तरीय अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनता उपस्थित रहे।



कमिश्नर की मौजूदगी में जमीनी अमले को घेरा

### आंकड़ें जमीनी हकीकत से दूर: सांसद



हरिभूमि से चर्चा के दौरान सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि सुशासन तिहार में प्रस्तुत आंकड़े जमीनी हकीकत से काफी हैं। भाजपा शासन की छबि धूमिल करने वाले अफसरों और जमीनी अमले को यह चेतावनी जरुरी थी। क्षेत्र की जनता परेशान है। भाजपा शासन की साख को बनाए रखने के लिए सख्त रवैय्या अपनाना भाजपा के सभी जनप्रतिनिधियों का दायित्व है।

### शिविर में अफसरों ने बताया केवल 22 प्रकरण शेष

जिले में सुशासन तिहार के तृतीय चरण के अंतर्गत 6 मई को विकासखंड बसना के ग्राम गनेकेरा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद रूपकुमारी चौधरी, विशिष्ट अतिथि बसना विधायक संपत अग्रवाल, रायपुर संभाग आयुक्त महादेव कांवरे एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह भी शिविर में शामिल हुए। इस दौरान विभिन्न विभाग के अधिकारियों ने विभागवार प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी। साथ ही विभागीय योजनाओं की भी जानकारी दी। इस आयोजन में कुल 15 ग्राम पंचायतों की सहभागिता रही, जहां 3786 मांग और 49 शिकायतें, कुल मिलाकर 3835 प्रकरण प्राप्त किए गए। इनमें से 3769 मांगों और 44 शिकायतों सहित कुल 3813 मामलों का समाधान कर दिया गया, वर्तमान में केवल 22 प्रकरण शेष हैं, जिन पर शीघ्र कार्रवाई की जा रही है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी ने हितग्राहियों को किसान किताब, जाति प्रमाण पत्र, श्रम कार्ड एवं आबादी पट्टा प्रदान किए। उन्होंने एवं अन्य अतिथियों ने विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण कर अधिकारियों से आवेदनों के निराकरण की स्थिति की जानकारी ली।

### राहत देना प्राथमिकता: संपत



बसना विधायक संपत अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री की सोच है कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समय पर समाधान कर उन्हें राहत देना सरकार की प्राथमिकता है।

### घट रही शासन-प्रशासन और जनता की दूरी: कांवरे



रायपुर संभाग आयुक्त महादेव कांवरे ने कहा कि इस अभियान से शासन और प्रशासन को जनता के और अधिक निकट लाना है, ताकि लोग बिना किसी परेशानी के घर बैठे अपनी शिकायतें और मांगें दर्ज करा सकें।

### लापरवाही करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई



कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कहा कि सुशासन तिहार के प्रथम चरण में 8 से 11 तारीख तक आवेदन एकत्र किए गए, जबकि द्वितीय चरण में इन्हें पोर्टल पर अपलोड कर विभागों द्वारा निराकरण की प्रक्रिया शुरू की गई। शिकायतों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की गई। उन्होंने जनता से जुड़े कार्यों में लापरवाही करने वालों पर सख्त कार्रवाई की बात दोहराई।

# लापरवाही: बागबाहरा वृत्त प्रभारी वर्मा निलंबित, 2 को एससीएन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शराब के अवैध परिवहन, संग्रहण और कारोबार पर रोक लगाने में लापरवाही और उदासीनता बरतने वाले अधिकारियों पर राज्य स्तरीय कार्रवाई के तारतम्य में जिले के 3 अफसरों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

3 मई को जिले के बागबाहरा में 14 पेटी देशी शराब, 8 पेटी गोवा, 14 पेटी उड़ीसा राज्य की बीयर एवं 13 नग विदेशी मदिरा के जब्ती के मामले में वृत्त बागबाहरा के प्रभारी मुकेश कुमार वर्मा को निलंबित कर दिया गया है। वहीं जिला आबकारी अधिकारी निधीश कोष्ठी एवं मंडल प्रभारी उत्तम बुद्ध भारद्वाज को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। बता दें कि राज्य स्तरीय उड़नदस्ता द्वारा औचक निरीक्षण के दौरान महासमुंद, बलौदाबाजार और राजनांदगांव जिले में अवैध शराब का मामला पकड़ में आने पर 3 सर्किल अधिकारियों को निलंबित करने के साथ विभाग के 6 वरिष्ठ अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर उनसे जवाब-तलब किया गया है। आबकारी सचिव मुकेश बंसल एवं आबकारी आयुक्त श्याम धावडे ने सभी जिला एवं मंडल अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन एवं बिक्री की किसी भी सूचना पर तत्काल और कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी की लापरवाही पर संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### रोजगार सहायक की सेवा समाप्त की गई

पीएम आवास योजना के तहत हितग्राहियों से जियो टैंगिग करने एवं 90 दिवस के मस्टररोल जारी कर भुगतान कराने के एवज में राशि लेने के आरोप की जांच में सत्यता पाए जाने पर बिरकोनी के रोजगार सहायक टेमन गिलहरे की सेवा समाप्त कर दी गई है। इस संबंध में जनपद सीईओ द्वारा जारी आदेश के अनुसार उक्त कृत्य छ.ग. सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 के कण्डिका 11 के तहत जिला पंचायत द्वारा सेवा से पृथक करने का निर्देश प्राप्त हुआ है। कलेक्टर के अनुमोदन एवं सीईओ जिला पंचायत के निर्देश बिरकोनी के रोजगार सहायक को तत्काल प्रभाव से पद से पृथक किए जाने का आदेश जारी किया गया।

## पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम भंवरपुर में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट होने का मामला सामने आया है। बसना थाने में दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर अलग-अलग मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को मनदीप कौर पति कंवलजीत सिग सलूजा (36 वर्ष) निवासी ग्राम भंवरपुर ने बताया कि 4 मई को लगभग 9.30 बजे उसके चाचा सुखविंदर सिंग एवं अमरजीत कौर सलूजा ने मिलकर बाउंड्री वाल गेट के अंदर में आकर उसे और उसके पति कंवलजीत सलूजा को पुरानी रंजिश के चलते गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किया। रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। वहीं दूसरे पक्ष की अमरजीत कौर पति सुखविंदर सिंह सलूजा (52 वर्ष) ग्राम भंवरपुर ने बताया कि 4 मई को लगभग 9 बजे के आसपास उसका भतीजा कंवलजीत सिंग सलूजा एवं भतीजा बहू मनदीप कौर सलूजा ने मिलकर मेरे घर मे लगे गली में आकर चिल्लाते हुए उसे और उसके पति सुखविंदर सिह को पुरानी रंजिश वश गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किया। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 296,115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## मायन के दौरान युवक से मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मायन कार्यक्रम के दौरान एक युवक के साथ मारपीट की घटना हो गई। मामले को लेकर पिथौरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस को प्रार्थी कुणाल रोहिल्ला ने बताया कि 6 मई को वह प्रेमराज रौतिया के मायन में अपने मित्रों के साथ सम्मिलित हुआ था, गाना बजाने को लेकर आरोपी अर्श यादव उर्फ टार्जन उसके साथ विवाद करने लगा।

थोड़ी देर बाद प्रार्थी अपने मित्र तजिंदर पाल के साथ पहलवान ढाबा खाना खाने जा रहा था, तब उसके मोबाईल फोन में अर्श यादव उर्फ टार्जन कॉल करके गाली देते हुए बड़े मैदान आने के लिए कहा। बड़े मैदान पहुंचने पर आरोपी मारपीट करने लगा। मामले में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## पटवारी से मारपीट का मामला, कार्रवाई नहीं तो आंदोलन को करेंगे उग्र

# गिरफ्तारी की मांग, पटवारी संघ का धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

ग्राम पेंड्रावन में हल्का 49 के पटवारी विनय कुमार पटेल के साथ हुई मारपीट के मामले में कार्रवाई नही होने से नाराज राजस्व पटवारी संघ ने मंगलवार को तहसील कार्यालय परिसर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान पटवारियों ने जमकर नारेबाजी की और आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की।

संघ के सदस्यों ने बताया कि सुशासन तिहार 2025 के तहत प्राप्त आवेदनों के निराकरण के दौरान ग्राम पेंड्रावन में ड्यूटी कर रहे पटवारी के साथ ग्रामीणों ने मारपीट की। घटना के बाद पटवारी ने थाना सांकरा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, लेकिन 10 दिन बीतने के बावजूद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई है। इस लापरवाही के विरोध में पटवारी संघ ने एक सूत्रीय मांग को लेकर प्रदर्शन करते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा। धरना स्थल पर बड़ी संख्या में पटवारी उपस्थित रहे और प्रशासन से न्याय की मांग करते रहे।

संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि पटवारियों की सुरक्षा और सम्मान से समझौता नहीं किया जा सकता। यदि प्रशासन द्वारा दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की जाती है, तो संघ जिला स्तर पर भी आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

उन्होंने यह भी मांग की कि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए प्रशासन आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करे, ताकि पटवारियों को भयमुक्त होकर अपने शासकीय कार्यों का निर्वहन करने का अवसर मिल सके। धरना प्रदर्शन में विनय कुमार पटेल, अमित गजेंद्र, अजय तादुलकर, विजय प्रभाकर, चंद्रकांत बाग, डायमंड साहू, लोकेश कुमार साहू, मंजू ममता बरिहा, राजेंद्र डोंगरे, भनत राम ठाकुर, अविनाश दीक्षित, पुष्पेंद्र पटेल, पूजा कुशवाहा, डिलेश्वरी ठाकुर, अनिल बरिहा, नाईला अली, युवराज चंद्राकर, भागीरथी पारेश्वर, जितेंद्र तावरकर, रूपधर नायक सहित अन्य पटवारी उपस्थित थे।



तहसील कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना
आरोपियों की गिरफ्तारी की उठी मांग

# गोबर खरीदी की राशि में गड़बड़ी सीईओ ने थाने में लिखाई रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के दौरान चलाई गई गोधन न्याय योजना की राशि में गड़बड़ी करने वाले आरोपी के खिलाफ जनपद सीईओ ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है।

बसना पुलिस को दिए गए आवेदन में जनपद पंचायत पिथौरा के सीईओ सीपी मनहर ने बताया कि कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत महासमुन्द के पत्र कमांक पंचा/2024/2739 दिनांक 12/11/2024 के द्वारा ग्राम पंचायत बरेकेल में गोधन न्याय योजना अंतर्गत वर्ष 2022 में जयप्रकाश बघेल द्वारा गोबर खरीदी में दिनांक 04/03/2022 से दिनांक 25/10/2022 की अवधि में कुल 3559548 रुपए की अनियमितता कर शासकीय राशि को अपने खाते में अंतरण किया गया है। आवेदन के अवलोकन पर आरोपी जयप्रकाश बघेल के विरुध्द अपराध धारा 420 भादवि का पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

जनपद सीईओ ने बताया कि न्यायालय कलेक्टर महासमुंद का राजस्व मामला 98ब/121 वर्ष 2023-24 ग्राम बरेकेल, तहसील पिथौरा, जिला महासमुंद में पक्षकार जयप्रकाश बघेल विरूध्द छग शासन एवं अन्य 03 में पारित आदेश दिनांक 24/10/2024 की प्रति इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है। प्रकरण में पारित आदेश में ग्राम पंचायल बरेकेल में गोधन न्याय योजना अंतर्गत वर्ष 2022 में दिनांक 04/03/2022 से दिनांक 25/10/2022 की अवधि में जयप्रकाश बघेल द्वारा 3,59,548 रुपए की शासकीय राशि की अनियमितता किये जाने के संबंध में उनके विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने हेतु निर्देशित किया गया है। ग्राम पंचायत बरेकेल के गोठान में गोबर खरीदी में वित्तीय अनियमितता का समय अवधि सचिव ग्राम पंचायत बरेकेल द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार दिनांक 04/03/2022 से दिनांक 25/10/2022 तक है। वहीं गोबर खरीदी का कार्य एवं उसकी ऑनलाईन एंट्री कार्यालय सचिव ग्राम पंचायत बरेकेल में होता था। कलेक्टर न्यायालय जिला महासमुंद द्वारा पारित एवं घोषित आदेश दिनांक 24/10/2024 में जयप्रकाश बघेल के द्वारा 359548 रुपए का हेराफेरी कर गबन करने संबंधी दोषसिद्ध पाया गया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 420 भादवि के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना मे लिया गया है।

# बार में मिल रही सभी ब्रांड की शराब, दुकानों से प्रचलित ब्रांड गायब, बीयर भी चुनिंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शराब की तस्करी रोकने शासन स्तर पर जहां एक ओर कीमत कम की गई है, वहीं सभी दुकानों में शराब का पर्याप्त स्टॉक सुनिश्चित करने आबकारी विभाग को दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इसके विपरीत राजधानी की ज्यादातर शराब दुकानों में प्रचलित ब्रांड की शराब तथा बीयर का टोटा है। बार में सभी तरह की बियर तथा व्हिस्की पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

शहर की अलग-अलग शराब दुकानों का जायजा लेने पर कुछ चुनिंदा दुकानों में मैकडॉवेल, नंबर वन जैसे प्रचलित ब्रांड की उपलब्धता तो है, लेकिन मांग के अनुरूप स्टॉक नहीं है। इस संबंध में शराब दुकान के कर्मचारियों से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि ग्राहकों की मांग के अनुरूप ब्रांड की सूची वे संबंधित एजेंसी को देते हैं, लेकिन उनकी मांग के अनुरूप शराब की आपूर्ति नहीं हो पाती। इसके चलते ग्राहक विकल्प के रूप में किसी दूसरे ब्रांड की शराब लेने विवश होते हैं।

- मैकडॉवेल, आरएस, आरसी जैसे ब्रांड ज्यादातर दुकानों से गायब
- ग्रामीण क्षेत्रों में मैकडॉवेल जैसे ब्रांड का पर्याप्त स्टॉक



फाइल फोटो

### ऑफ सीजन के बावजूद नहीं मिल रही रम

रम की डिमांड गर्मी के बजाय ठंड के दिनों में ज्यादा रहती है, ऐसे में गर्मी के दिनों में रम पीने वालों को उनकी पसंद के अनुरूप रम मिलनी चाहिए। शराब दुकानों में चर्चित ब्रांड की रम ओल्ड मंक, ब्लैकबेरी जैसे ब्रांड की रम नहीं मिल रही। पूरे सीजन में किसी भी शराब दुकानों में मैकडॉवेल नंबर वन की रम किसी भी शराब दुकान में नहीं मिली।

### इन चर्चित ब्रांड का टोटा

शहर के ज्यादातर शराब दुकानों में व्हिस्की में मैकडॉवेल नंबर वन के साथ ही आरएस, आरसी, आईबी, एसी नीट, सिग्नेचर, ब्लैंडर स्प्राइड, ओक स्मिथ, ब्लैक एंड व्हाइट, जैमसन के साथ ही एंटी क्यूटी, एटपीएम ब्लैक, एसी ब्लैक जैसे ब्रांड की व्हिस्की नहीं मिल पा रही हे। इसी तरह से बियर में लोगों को हैवर्ड फाइव थाउजेंड, बटवाइजर जैसे चर्चित ब्रांड की बियर नहीं मिल रही है।

### मॉनिटरिंग नहीं होने से परेशानी

शराब की बिक्री को लेकर आबकारी विभाग की टीम को मॉनिटरिंग का जिम्मा है। आबकारी विभाग द्वारा किन दुकानों में किस ब्रांड की मांग ज्यादा है, इसकी नियमित मॉनिटरिंग नहीं की जा रही है। इसके चलते दुकानों में चर्चित ब्रांड की शराब पर्याप्त मात्रा में नहीं पहुंच पा रही है। साथ ही बार संचालकों को उनकी मांग के अनुरूप सभी ब्रांड की व्हिस्की उपलब्ध कराई जा रही है। इस संबंध में आबकारी विभाग के अफसरों से संपर्क करने पर उनका कहना है कि महीने के प्रथम सप्ताह में चर्चित ब्रांड की शराब के स्टाक में कमी हो सकती है। बाकी दिनों में पर्याप्त मात्रा में सभी ब्रांड की शराब मिलने का उन्होंने दावा किया।

## खबर संक्षेप

### तीन दिवसीय निशुल्क इंटीग्रेटेड योग शिविर 8 से



**रायपुर।** पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के तत्वावधान में स्वामी परमार्थदेव के सानिध्य में तीन दिवसीय निशुल्क इंटीग्रेटेड योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर सूर्या गार्डन हाउसिंग बोर्ड कालोनी, फेस-1, सेजबहार में 8 से 10 मई तक लगाया जाएगा। शिविर का समय तीनों ही दिन प्रातःकाल में सुबह 5 से 7 बजे तक है। प्राणायाम, आसन, ध्यानायाम व जीवनशैली पर विशेष रूप से मार्गदर्शन इस शिविर में दिया जाएगा। इस अवसर पर पतजंलि के चिकित्सकों द्वारा निशुल्क चिकित्सकीय परामर्श भी दिया जाएगा। शिविर में प्रवेश पूरी तरह से निशुल्क है।

### अर्चना और पीयूष को मिला चिरायु का वरदान हृदयरोग से पीड़ित थे दोनों



**रायपुर।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं चिरायु योजना की मदद से पहली कक्षा में पढ़ने वाली अर्चना और सात महीने के पीयूष को नया जीवन मिल गया। दोनों हृदय संबंधी समस्या से पीड़ित थे, जिनका इलाज एम्स और मुंबई के शिशु रोग अस्पताल में किया गया। सर्जरी प्रक्रिया पूरी होने के बाद दोनों को हृदय रोग की समस्या से निदान मिल गया। ग्राम चिखली आरंग में रहने वाले आस कुमार प्रजापति की 7 वर्षीय बेटी अर्चना की हृदय गति असामान्य थी।

### पेंशनरों की 5 सूत्रीय मांगें, 15 को होगा प्रदेशव्यापी आंदोलन

**रायपुर।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ द्वारा पेंशनरों की लंबित मांग को लेकर 15 मई को सभी जिला मुख्यालयों में प्रदर्शन किया जाएगा। 5 सूत्रीय मांगा के प्रति शासन का ध्यान आकर्षित कराने सभी जिला मुख्यालय में कलेक्टर को मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ ने पेंशनरों ने अपने 5 सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। 15 मई को प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा। महासंघ के प्रांत अध्यक्ष वीरेंद्र नामदेव बताया कि प्रदेश स्तरीय आंदोलन के संबंध में मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और सभी जिलों के कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक को ऑनलाइन सूचना देकर अवगत करा दिया गया है।

## सरोना स्टेशन पर चल रहा विकास कार्य 60 प्रतिशत काम पूरा

# अमृत भारत के छोटे स्टेशनों में बड़ी सुविधा, रायपुर भिलाई के बीच सरोना बना अब बड़ा स्टेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना के तहत छोटे रेलवे स्टेशनों की तस्वीर अब तेजी से बदल रही है। रायपुर से लगे सरोना रेलवे स्टेशन पर अब यात्रियों को गर्मी में धूप में खड़े रहकर ट्रेन का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। यहां चार बड़े शेड लगाए जा चुके हैं, जिससे यात्रियों को खासी राहत मिल रही है। स्टेशन के आधुनिकीकरण का कार्य लगभग 60 प्रतिशत पूरा हो चुका है।

हरिभूमि सरोकार

वर्तमान में एक नया फुट ओवरब्रिज बनाया जा रहा है, जो चौड़ाई में रायपुर स्टेशन से भी बड़ा होगा। हरिभूमि टीम जब सोमवार को स्टेशन पहुंची। यहां प्लेटफॉर्म की लंबाई बढ़ा दी गई है और पंखे, शुद्ध पानी, सोलर शेड जैसी कई आधुनिक सुविधाएं स्टेशन पर स्थापित की जा चुकी हैं। प्रवेश द्वार को भी आकर्षक रूप दिया जा रहा है, जिससे स्टेशन की पूरी सूरत बदल गई है। रेलवे के इस प्रयास से अब यात्रियों को एक बेहतर और सुविधाजनक यात्रा अनुभव मिलने की उम्मीद है।

### छोटे स्टेशनों में आधुनिक सुविधा

रायपुर से भिलाई के बीच सरोना स्टेशन अब छोटे स्टेशनों में आधुनिक सुविधाओं से लैस होकर एक नया उदाहरण बनता जा रहा है। सरस्वती नगर और कुम्हारी जैसे अन्य हाल्ट स्टेशनों की तुलना में सरोना अब कहीं अधिक विकसित हो चुका है। हर दिन यहां से 800 से अधिक यात्री ट्रेन से सफर करते हैं। यात्रियों की संख्या और सुविधाओं को देखते हुए रेलवे बोर्ड यहां कुछ एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टॉपेज देने पर विचार कर सकता है। इससे यात्रियों को बड़ी ट्रेनों के लिए रायपुर जैसे मुख्य स्टेशन तक नहीं जाना पड़ेगा। स्टेशन पर न केवल प्लेटफार्म की संरचना में सुधार किया गया है, बल्कि बेहतर लाइटिंग, ट्रेन और कोच इंडिकेटर बोर्ड, साइनेज और अन्य यात्री सुविधाएं भी जोड़ी जा रही हैं।

**शेड लगने से गर्मी में नहीं झेलनी पड़ रही धूप**



### वेटिंग हॉल के साथ सुरक्षा भी

स्टेशन पर वेटिंग हॉल, पार्किंग के साथ प्लेटफार्म में आधुनिक कैमरा भी लगाया जा रहा है। योजना के तहत अन्य स्टेशनों में भी फुट ओवरब्रिज, लिफ्ट एस्केलेटर, सर्कुलेटिंग एरिया का उन्नयन, वेटिंग हॉल और टॉयलेट का उन्नयन, स्टेशन लाइटिंग में सुधार, साइनेज, ट्रेन एवं कोच इंडिकेटर बोर्ड, पार्किंग स्थान में वृद्धि, प्लेटफार्म एरिया का विस्तार, शेड, स्थानीय कला और संस्कृति के अनुसार स्टेशन के वाह्य स्वरूप का उन्नयन किया जा रहा है।



### योजना में छत्तीसगढ़ के 21 स्टेशन शामिल

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत छत्तीसगढ़ में 21 रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास व शिलान्यास किया जाना है, जिसमें सरोना, उरकुरा, मंदिर हसौद, हथबंध, निपनिया, भाटापारा, डोंगरगढ़, कोरबा, रायगढ़, राजनांदगांव, भिलाई नगर, बिल्हा, बैकुंठपुर रोड, अंबिकापुर, उसलापुर, पेंड्रारोड, जांजगीर-नैला, चांपा, बाराद्वार, दल्लीराजहरा, भानुप्रतापपुर और भिलाई स्टेशन शामिल हैं।

## पढ़ाई छोड़कर विरोध में बैठे छात्र, कहा- 6.30 बजे नहीं पहुंच सकते, बढ़ाएं परीक्षा का समय



- रविवि ने सुबह 7 बजे से 10 बजे तक लेगा सेमेस्टर परीक्षाएं, आधे घंटे पहले पहुंचना होगा सेंटर
- कोर्स पूर्ण नहीं होने को लेकर भी नाराजगी, परीक्षा तिथि में वृद्धि की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा सेमेस्टर परीक्षाओं की तिथि जारी किए जाने के साथ ही छात्रों द्वारा समय और तिथि को लेकर विरोध भी शुरू हो गया है। रविवि द्वारा परीक्षा का समय प्रातः 7 बजे से 10 बजे तक निर्धारित किया गया है। परीक्षा में शामिल होने के लिए विद्यार्थियों को सुबह 6.30 बजे पहुंचना होगा।

छात्रों का कहना है कि कई परीक्षार्थी काफी दूर से आते हैं। ऐसे में सभी के लिए सुबह 6.30 बजे तक केंद्र पहुंच जाना संभव नहीं है। ऐसे में परीक्षा की शुरुआत कम से कम प्रातः 8 बजे हो। इसके अलावा छात्र परीक्षा तिथि बढ़ाने की मांग कर रहे हैं, क्योंकि महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में पाठ्यक्रम अब तक पूर्ण नहीं हो सका है। एनएसयूआई के नेतृत्व में छात्रों ने यह विरोध-प्रदर्शन किया। लगभग एक घंटे चले इस प्रदर्शन के दौरान विवि के प्रशासनिक भवन का मुख्य द्वार बंद ही रहा। पुनेश्वर लहरे, रजत ठाकुर, अंकित बंजारे, हिमांशु तांडी, आलोक खरे समेत बड़ी संख्या में छात्रा प्रदर्शन में शामिल रहे। कुलसचिव से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपने और आश्वासन मिलने के बाद ही छात्रों ने प्रदर्शन समाप्त किया।

### पढ़ाने के लिए उपलब्ध कराएं शिक्षक

छात्रों ने कई विभागों में शिक्षक नहीं होने पर रोष व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें अध्ययन के लिए यथाशीघ्र शिक्षक उपलब्ध कराए जाएं ताकि वे परीक्षाओं की तैयारी कर सकें। गौरतलब है कि विवि में लंबे समय से प्राध्यापक भर्ती प्रक्रिया चल रही है, लेकिन अब तक ये पूर्ण नहीं हो पाई है। विश्वविद्यालय अध्ययनशाला के अलावा कई महाविद्यालयों में भी थोक में पद रिक्त हैं। इसके कारण प्रायोगिक कार्यों सहित सैद्धांतिक विषयों की पढ़ाई में भी छात्रों को दिक्कतें आ रही हैं।

### रविवि ने बढ़ाई आवेदन तिथि

विवि अध्ययनशाला में संचालित पाठ्यक्रम के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षाओं की आवेदन तिथि में वृद्धि की गई है। पूर्व में इसके लिए 25 मार्च से 25 अप्रैल तक का समय छात्रों को दिया गया था। अब 6 मई से 12 मई तक छात्रों के लिए आवेदन पोर्टल फिर से खोल दिया गया है। गौरतलब है कि इस बार रविवि द्वारा प्रवेश परीक्षाएं ऑफलाइन मोड में लिए जाने की तैयारी है।

## जेएन मेडिकल कॉलेज के डीन से दुर्व्यवहार, कम्युनिटी मेडिसिन के संविदा डॉक्टर को नोटिस

**रायपुर।** शासकीय जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. विवेक चौधरी के साथ बदसलूकी करने के आरोप में कम्युनिटी मेडिसिन के संविदा डॉक्टर कमलेश जैन को नोटिस जारी किया गया है। डीन कार्यालय में हुई इस घटना के मामले में उनसे सात दिन के भीतर जवाब मांगा गया है। जवाब संतोषजनक नहीं होने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है। जारी नोटिस में इस बात का आरोप है कि सह प्राध्यापक डॉ. कमलेश जैन 30 अप्रैल को बिना अनुमति डीन डॉ. विवेक चौधरी के कार्यालय में प्रवेश कर गए और मौजूदा स्टाफ के सामने अनर्गल आरोप लगाकर दुर्व्यहार करने लगे। समझाइश के बाद भी वे नहीं माने और संस्था प्रमुख से उलझते रहे। मेडिसिन के विभागाध्यक्ष के माध्यम से डॉ. जैन को नोटिस जारी कर इस घटना के बारे में जवाब मांगा है, संतोषजनक जवाब नहीं होने पर अनुशासनहीनता की कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। काफी सालों से संविदा आधार पर डॉ. कमलेश जैन मेडिकल कॉलेज में सह प्राध्यापक के रूप में पदस्थ हैं। अपने किसी कार्य के संबंध में वे डीन कार्यालय पहुंचे थे, जहां विवाद की स्थिति निर्मित हो गई और काफी हंगामा हो गया। विवाद बढ़ते देख वहां मौजूद अन्य स्टाफ और सुरक्षा जवानों की मदद से डीन के निर्देश पर उन्हें कार्यालय से बाहर निकाला गया।

## इस बार प्रदेश में नहीं बढ़ पाएंगी एमबीबीएस की सरकारी सीटें, नए कॉलेजों के इंफ्रास्ट्रक्चर पर चल रहा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नीट की परीक्षा में सफल होने वाले विद्यार्थियों को इस बार चार नए शासकीय मेडिकल कएॅलेज और दो सौ नई सीटों का विकल्प नहीं मिल पाएगा। प्रदेश में कबीरधाम, मनेंद्रगढ़, जांजगीर-चांपा और गीदम में कॉलेज खोले जाने हैं, मगर इसके लिए संसाधन जुटाने में अभी काफी वक्त लगने की संभावना है। फिलहाल राज्य में 10 शासकीय और 5 निजी मेडिकल कॉलेजों में कुल 2130 सीटें हैं।

- कवर्धा, मनेंद्रगढ़, जांजगीर-चांपा और गीदम में खुलने हैं नए सरकारी कॉलेज

सूत्रों के अनुसार, शासकीय स्तर पर खुलने वाले इन चार शासकीय मेडिकल कॉलेजों की शुरुआत 50-50 सीटों से होगी। अभी कॉलेज के भवन निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इसके अलावा जरूरी सुविधाओं के साथ यहां फैकल्टी की व्यवस्था भी की जानी है, जिसमें वक्त लगने



की संभावना है। अन्य राज्यों की तरह प्रदेश में भी छात्रों के बीच मेडिकल की पढ़ाई का क्रेज है। इस बार आयोजित नीट में प्रदेश के 9300 परीक्षार्थी शामिल हुए, जिसमें परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद 50 फीसदी विद्यार्थी एमबीबीएस की सीटों के लिए दावेदारी करेंगे।

### संसाधन जुटाने की तैयारी

चार जिलों में मेडिकल कॉलेज खोलने की योजना पर काम चल रहा है। सीजीएमएससी द्वारा निर्माण संबंधी टेंडर की प्रक्रिया पूरी की जा रही। साथ ही अन्य संसाधन जुटाने का काम पूरा किया जाएगा। कॉलेजों की शुरुआत इस सीजन में नहीं हो पाएगी। - **डॉ. यूएस पैंकरा**, डीएमई

### पिछली बार खुले निजी सेक्टर के दो कॉलेज

राज्य में पिछले सीजन में दो निजी कॉलेजों की शुरुआत की गई थी। इसमें एक कॉलेज में सौ तथा दूसरे में एमबीबीएस की डेढ़ सौ सीटें हैं। पूर्व के तीन कॉलेजों को मिलाकर इनकी संख्या पांच हो चुकी है, जहां एमबीबीएस की कुल सात सौ सीटें हैं। काउंसिलिंग की विभिन्न कोशिशों के बावजूद इन कॉलेजों की सभी सीटें फुल हो जाती हैं। सरकारी की तुलना में कुछ निजी कॉलेजों का क्रेज काफी अच्छा है और दूसरे राउंड तक उनकी सभी सीटों पर एडमिशन हो जाता है।

## सिंधी समाज के खिलाफ अनर्गल टिप्पणी, दर्ज करवाई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राज्य में बीते कुछ सालों से सांप्रदायिक माहौल लगातार ख़राब हो रहा है, जिसमे कुछ शरारती तत्वों द्वारा सोशल मीडिया के जरिये विभिन्न सम्प्रदायों को निशाने पर लिया जा रहा है, उन सभी समाजों के खिलाफ आये दिन अनर्गल और अनुचित टिप्पणियां जारी है, पहले भी जैन संत, अग्रवाल समाज, मारवाड़ी, सिंधी समाज, ब्राम्हण समाज, मुस्लिम समाज, उ.प्र-बिहार के लोगों को बाहरी कहकर राज्य का माहौल खराब किया गया है।

ऐसे कई मामलों में FIR तक दर्ज करवाई जा चुकी है, लेकिन ऐसे लोगों को कोई भय नहीं है। धार्मिक सामाजिक टिप्पणियाँ लगातार ऐसे लोगों द्वारा जारी है, जो राज्य के शांत माहौल में जहर घोलने का कम कर रही है। सिन्धी समाज पर अनुचित टिप्पणी, । त्रिभुवन त्रिपाठी नामक व्यक्ति ने सिन्धी समाज के खिलाफ बहुत ही अशोभनीय टिप्पणी की है, जिसके बाद सिन्धी समाज के लोग काफी आक्रोशित है। त्रिभुवन त्रिपाठी नामक व्यक्ति ने सिन्धी समाज के खिलाफ बहुत ही अशोभनीय टिप्पणी की है, जिसके बाद सिन्धी समाज के लोग काफी आक्रोशित है, ऐसे में सिंधु युवा शक्ति के तत्वावधान में बड़ी संख्या में सिन्धी समाज के युवाओं सहित हिंदूवादी संगठनों के युवा एकत्र हुए और हिन्दू समाज को तोड़ने एवं अशांति फैलाने के प्रयास में त्रिभुवन त्रिपाठी एवं उसके साथी गणों के खिलाफ थाने सिविल लाइन में शिकायत दर्ज करने पहुंचे।

## सांस भरने और धड़कन तेज होने की शिकायत

# दो लाख में एक को होती है हृदय की दुर्लभ बीमारी, सर्जरी के बाद मिला नया जीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दो लाख लोगों में से एकाध को होने वाली हृदय की दुर्लभ बीमारी का ओपन हार्ट सर्जरी के माध्यम से इलाज किया गया। 36 वर्षीय महिला सांस भरने और अनियमित धड़कन की शिकायत लेकर आंबेडकर अस्पताल पहुंची थी। हार्ट सर्जरी विभाग की जांच में पता चला की हृदय से शरीर के अन्य हिस्से को ऑक्सीजनयुक्त रक्त पहुंचाने वाला पंपिंग चैंबर केवल 20 फीसदी काम कर रहा था। सर्जरी और कुछ दिनों की निगरानी के बाद महिला को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

**शरीर को ऑक्सीजन युक्त रक्त पहुंचाने वाला पंपिंग चैंबर कर रहा 20 फीसदी काम**



### सांसद की चिट्ठी से हड़कंप, जरूरी संसाधनों के बारे में पूछताछ

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को चिट्ठी लिखकर हार्ट सर्जरी विभाग में ऑपरेशन नहीं होने के मामले में हस्तक्षेप की मांग की थी। इस चिट्ठी ने रायपुर मेडिकल कॉलेज से लेकर चिकित्सा शिक्षा विभाग तक हड़कंप मचा दिया है। पत्र के बाद सभी तरह के ऑपरेशन के लिए जरूरी संसाधनों के बारे में उच्च स्तर पर जानकारी मांगी गई है। यहां ओपन हार्ट सर्जरी ले-देकर पूरी हो रही है, मगर भारी दबाव के बाद भी परफ्यूजीनिस्ट, कार्डियक फीजिशियन और एनेस्थेटिक के अभाव में बाईपास सर्जरी नहीं हो पा रही है। सांसद की चिट्ठी के बाद इस सुविधा के भी शीघ्र शुरू होने की उम्मीद की जा रही है।

# टोल प्लाजा में टैक्स की धांधली, गैरेज में खड़ी कार के फास्टैग से कट गए पैसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टोल प्लाजा में फास्टैग के नाम पर वाहन मालिकों के साथ धोखाधड़ी करने का एक अलग तरह का मामला सामने आया है। वाहन मालिक की कार गैरेज में खड़ी थी, लेकिन उनकी कार का 4 मई को तड़के 5 बजकर 39 सेकेंड में टोल शुल्क कटने का मोबाइल पर मैसेज आया। कार मालिक का कहना है कि उनके मोबाइल में जब मैसेज आया, उस समय उनकी कार गैरेज में खड़ी थी। इसका कार मालिक ने सीसीटीवी फूटेज भी टोल प्लाजा के जिम्मेदारों को भेजा है। कार मालिक राजेंद्र निगम के मुताबिक, उनके भाई की कार सीजी 04 एमजेड 7636 रिपेयरिंग के लिए देवपुरी स्थित महादेव मोटर्स में 12 अप्रैल से खड़ी है। फास्टैग से 105 रुपए कटने के बाद कार मालिक महादेव मोटर्स प्रबंधन से संपर्क कर सीसीटीवी फूटेज हासिल किया तो कार गैरेज में खड़ी मिली। इसके बाद कार मालिक ने बैंक जाकर जानकारी हासिल की तो बैंक प्रबंधन संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। कार से टोल टैक्स बिलासपुर सारागांव मार्ग स्थित भोजपुरी टोल प्लाजा से काटा गया है।

**नंबर रीड नहीं हो पाने की वजह से टोल कर्मचारी मैनुअली किसी दूसरी गाड़ी का नंबर एड कर काट रहे राशि**




### पूर्व में भी ऐसी धांधली

राजेंद्र निगम के अनुसार, फास्टैग से राशि काटे जाने की गड़बड़ी पूर्व में भी हो चुकी है। श्री निगम के अनुसार पिछले वर्ष उनकी बेटी की कार से बगैर आवाजाही किए फास्टैग से राशि काट ली गई थी। रकम कम होने की वजह से राजेंद्र निगम की बेटी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया।

### टोल प्लाजा में कई तरह की गड़बड़ी सामने आ रहीं

टोल प्लाजा में 20 किलोमीटर की परिधि में रहने वाले वाहन मालिकों से टोल लेने का नियम नहीं है। बावजूद इसके 20 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले लोगों से टोल टैक्स की वसूली की जा रही है। इसके अलावा 24 घंटे के भीतर आवाजाही करने पर 75 रुपए टोल लेने के बजाय आरंग सहित कुम्हारी टोल पर भी 100 रुपए चार्ज लिया जा रहा है। इस तरह से टोल नाके पर वाहन मालिकों की जेब काटने का खेल चल रहा है।

## खबर संक्षेप

### छोटे बच्चों के लिए समर कैंप 9 से

**सरायपाली।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय जैन विहार कॉलोनी संस्था द्वारा शहर में पहली बार कक्षा पांचवी से दसवीं तक के बच्चों के लिए दिव्य मुस्कान कार्यक्रम समर कैंप आयोजन किया गया है। 9 मई से 18 मई तक प्रातः 8 बजे से 10 बजे तक 10 दिवसीय यह समर कैंप का आयोजन प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्थान जैन कॉलोनी आयोजित होगा। जिसमें बच्चों के जीवन पर सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए अनेक पहल किए जाएंगे। नैतिक मूल्यों से भरा सुविचार, टिप्स, नैतिक मूल्यों से भरा गेम्स, व अनेक प्रतियोगिताएं, कलाएं सिखाई जाएगी। साथ ही बच्चों का मनोरंजन किया जाएगा। यह समर कैंप निःशुल्क रखा गया है। जिसमें बच्चों को योग, प्राणायाम, मेडिटेशन, डांस, संगीत, भाषण एवं चरित्र उत्थान नैतिक शिक्षा आदि सम्मिलित होंगे।

### परशुराम जयंती पर उपनयन संस्कार आज से

**बोइरगांव (कोमाखान)।** कोमाखान स्थित मंडी प्रांगण में भगवान परशुराम जयंती पर 30वां भव्य उपनयन संस्कार का आयोजन 7 एवं 8 मई को किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सर्व ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा होंगे। अध्यक्षता ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष शिव उपाध्याय करेंगे। विशिष्ट अतिथि ओडिशा के पूर्व सांसद बसंत पंडा, खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव, प्रांतीय युवा अध्यक्ष स्वप्निल तिवारी, समाजसेवी एवं ब्राह्मण समाज के संरक्षण विश्वनाथ पाणिग्रही होंगे। 7 मई को संध्या के समय बटुकों का हरिद्रा लेपन, रात्रि भोज, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सामाजिक परिचर्चा होगी। वहीं 8 मई को प्रातः 7 बजे से उपनयन संस्कार प्रारंभ होगा। शाम 5 बजे शोभायात्रा, नगर भ्रमण एवं संध्या प्रसादी वितरण होगा। कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज के लोगों को अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने का आग्रह किया है।

### मोबाइल लुटेरे निकले वाहन चोर, तीन धरे गए

**रायपुर।** अभनपुर इलाके में ग्रामीण की मोपेड और मोबाइल छीनने वाले बदमाश रायपुर और बिलासपुर में वाहन चोरी की घटनाओं को भी अंजाम देते थे। गरियाबंद के दिलीप साहू की शिकायत पर पुलिस ने अपनी जांच शुरू की थी, इस दौरान घटना में एक नाबालिग के शामिल होने का पता चला। उससे पूछताछ की गई तो लूट के साथ वाहन चोरी की अन्य घटनाओं के बारे में भी सुराग मिल गया। काठाडीह में रहने वाले विनाशक देवार उर्फ मास्टर एवं रोहित देवार उर्फ मोटू को पकड़ा गया। इस मामले में 2 और बदमाशों की तलाश की जा रही है।

### सुनसान इलाके में घूमते पकड़े गए दो चाकूबाज

**रायपुर।** पुरानी बस्ती पुलिस ने लूटपाट जैसी घटनाओं को अंजाम देने की फिराक में सुनसान इलाके में घूम रहे दो बदमाशों को धर दबोचा। अमरपुरी काली मंदिर के पास रहने वाले शंकर यादव और विष्णु ध्रुव के पास से दो चाकू बरामद किए गए हैं। आरोपी पुलिस को देखकर भागने की कोशिश कर रहे थे, मगर नाकाम हो गए। मामला पंजीबद्ध कर न्यायालय में पेश कर उन्हें जेल भेज दिया गया। शहर में हो रही चाकूबाजी की लगातार घटनाओं की वजह से पुलिस ऐसे बदमाशों के खिलाफ अभियान चला रही है।

# राटापाली प्राथमिक स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा





शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला राटापाली में सत्र 2024 -25 का परीक्षा परिणाम की घोषणा प्रधान पाठिका प्रेमिन मार्कंडे, शिक्षक प्रमोद कुमार दास, सुबेलाल बरिहा ने की। इस स्कूल में कक्षा पहली से लेकर सातवीं तक संचालित है। जिसमें कक्षा सातवीं में उर्वशी पिता खिलावन पटेल ने 84.77 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान रही।

द्वितीय स्थान कानिका पिता मीना पटेल 84 प्रतिशत, कक्षा छठवी में जयंत निषाद 83.83 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान पर रहे। इसी प्रकार कक्षा पांचवी में गुलशन पटेल ने 90.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, वहीं द्वितीय गोपाल पटेल 87 एवं तृतीय मीनाक्षी पटेल 83 प्रतिशत रही। इसी तरह कक्षा चौथी में विकास पटेल प्रथम, तीसरी में नोमेश पटेल 85 प्रतिशत, कक्षा दूसरी में प्रथम युवराज साहू, कक्षा पहली में प्रथम आयुष पटेल 82 प्रतिशत अंक प्राप्त पर रहे।

इस मौके पर ग्राम के सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य राधेश्याम पटेल द्वारा घोषणा किया गया था कि कक्षा पांचवी में प्रथम एवं उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को 15 अगस्त राष्ट्रीय पर्व पर नगद राशि देकर पुरस्कृत एवं सम्मानित किया जाएगा।

# महाविद्यालय में मूक एवं स्वयं पोर्टल पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ संध्या भोई के निर्देशन में एवं एनईपी प्रभारी एमएन सिदार के मार्गदर्शन में मूक एवं स्वयं पोर्टल पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्राचार्य द्वारा मूक एवं स्वयं पोर्टल के महत्व के बारे में बताया गया तथा ऑनलाइन कोर्स के माध्यम से स्किल डेवलपमेंट के लिए प्रेरित किया गया।



एनईपी प्रभारी ने कहा कि यह पोर्टल छात्र-छात्राओं को आवश्यक क्रेडिट प्राप्त करने के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर आरके पटेल (सहायक प्राध्यापक गणित) एवं दीपिका साहू (सहायक अध्यापक कंप्यूटर साइंस) द्वारा छात्र-छात्राओं को आवश्यक टिप्स दिया गया। इस कार्यशाला में महाविद्यालय के अधिकारी/कर्मचारियों के साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## मांगलिक अवसर पर उपहार देने की रस्में प्रभावित, अब विकल्प ढूंढ रहे

# महंगाई का ऐसा असर, शादी-ब्याह में रिश्तेदारों को सोने के आभूषण देने की रस्म टूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सोने की महंगाई का ऐसा असर हुआ है कि अब शादी-ब्याह के रस्म-रिवाज तोड़ने पड़ रहे हैं। कई समाजों में शादी के दौरान सास-ससुर, दीदी-जीजा, फूफा-फूफी को सोने की आभूषण उपहार में देने की रस्म है, लेकिन सोने की महंगाई ने शादी-ब्याह जैसे शुभ मौके पर रिश्तेदारों की मेहमाननवाजी को फीका कर दिया है। सराफा बाजार में सोने के बढ़े दाम के कारण इस कारोबार पर कुछ ऐसा असर देखने को मिल रहा है। रायपुर सराफा एसोसिएशन के पदाधिकारियों और कारोबारियों के मुताबिक, सोने की महंगाई ने ग्राहकों के रस्मो-रिवाज तक को तोड़ने मजबूर कर दिया है। ऐसे में ग्राहकों को अपने पसंद के गहने खरीदने एवं रिश्तेदारों की मेहमाननवाजी करने बजट के बारे में सोचना पड़ गया है। महंगाई के चलते ग्राहकों को सोने की मात्रा में कटौती करनी पड़ रही है। ग्राहक जो पहले अपने रिश्तेदारों को शादी-ब्याह में उपहार के रूप में सोने के आभूषण देने खरीदी करते थे, वे ग्राहक अब उपहार के लिए सोना नहीं खरीद रहे हैं। सोने की जगह चांदी या दूसरे उपहार, जैसे इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स को विकल्प बना रहे हैं। स्पष्ट है कि महंगाई का असर तो साफतौर पर पूरे सराफा बाजार में सोने की मात्रा की खरीदी-बिक्री पर पड़ी है, पर सराफा एसोसिएशन का कहना है कि इस महंगाई के बीच अच्छी बात यह है कि ग्राहकों की संख्या में कोई कमी नहीं आई है। महंगाई के बावजूद भी ग्राहक कम मात्रा में ही सही, पर अपने बजट के मुताबिक सोना खरीदने पहुंच रहे हैं।



**सराफा बाजार भाव**

| सोना कीमत/10ग्राम | कैरेट |
|---|---|
| 98300 रुपए | 24 कैरेट |
| 90400 रुपए | 22 कैरेट |
| 82600 रुपए | 20 कैरेट |
| चांदी कीमत/ प्रति किलोग्राम | |
| 96800 रुपए | |

### सोने के बजाय अन्य उपहार दे रहे

सोने के भाव में बढ़ोतरी का असर यह हुआ है कि महंगाई के कारण ग्राहकों ने शादी-ब्याह जैसे शुभ अवसरों पर रिशतेदारों को सोने के उपहार देना बंद कर दिया है। पहले खासकर शादियों में जिन ग्राहकों के यहां रिश्तेदारों को सोने के आभूषण उपहार में देने का रस्म रही हैं, वे अब सोना नहीं खरीद रहे। वे सोने की जगह चांदी या इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स खरीदना पसंद कर रहे हैं। ग्राहक का बजट तो वही है, पर सोना खरीदने की मात्रा में कटौती हो गई है।

**- सुरेश भंसाली, अध्यक्ष,** रायपुर सराफा एसोसिएशन

### बजट के मुताबिक गहने उपलब्ध

रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व सराफा अध्यक्ष हरख मालू ने बताया कि महंगाई के चलते ग्राहक अपने बजट के मुताबिक कम वजन में आकर्षक गहनों की डिमांड कर रहे हैं। ऐसे में ग्राहकों की मांग के मुताबिक कम वजन में ही सोने के गहने बना रहे हैं। कम बजट में आकर्षक डिजाइनदार गले के हार, कंगन, अंगूठियां एवं अन्य सोने के गहनों की मांग पर शहर के अलावा पूरे प्रदेश में उपलब्ध करा रहे हैं।

### *अब तक 2 सौ करोड़ का व्यापार*

*रायपुर सराफा एसोसिएशन के मुताबिक, अब तक शादी-ब्याह के सीजन में राजधानी के सराफा बाजार में 100 करोड़ का सोने का कारोबार हुआ है। वहीं पूरे प्रदेश के सराफा बाजार की बात करें तो 200 करोड़ रुपए का कारोबार हुआ है। अभी जुलाई महीने तक शादी -ब्याह का सीजन है, ऐसे में सराफा कारोबार में और बढ़ोतरी के संभावना व्यापारी लगाए हुए हैं।*

# कार्टूनिस्ट दिवस पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव का बना लाइव कार्टून

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देश की एकमात्र कार्टून पत्रिका कार्टून वॉच द्वारा कार्टूनिस्ट दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव का लाइव कार्टून पुणे से आए कार्टूनिस्ट राजेश नाइक ने बनाया। सिर्फ पांच मिनट में कार्टून बनाकर जब उन्होंने श्री साव को दिखाया तो वे जोर से हंस पड़े। इस अवसर पर श्री साव ने कहा कि, कार्टून वॉच के संपादक त्र्यंबक शर्मा के जुनून के कारण आज कार्टून के लिए हम सब मिले हैं और आज पूरे देश में कार्टून वॉच के कारण छत्तीसगढ़ को जाना जाता है। इस अवसर पर सीएसआईडीसी के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, पर्यटन एवं संस्कृति के संचालक विवेक आचार्य, मुख्यमंत्री के प्रेस अधिकारी आलोक सिंह,



बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष वर्णिका शर्मा, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, राजेश गनोदवाले, आर. कृष्णा दास, जोसेफ जॉन, प्रवीण शुक्ला सहित अनेक लोगों ने अपना कार्टून बनवाया। आतंकवाद से नहीं डरेगा पर्यटक विषय पर कार्टून प्रदर्शनी को भी लोगों ने सराहा। प्रदर्शनी कल भी जारी रहेगी और शाम 4 से 6 के बीच कार्यशाला भी आयोजित होगी, जिसका ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होगा।

## छात्रवृत्ति के 17 लाख से ज्यादा आवेदन, पांच लाख से ज्यादा निरस्त, 11 लाख को मिल रहा पैसा

**रायपुर।** गरीब वर्ग के श्रमिकों के बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने में मदद के लिए राज्य सरकार मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना संचालित की जा रही है। इस योजना में हर साल श्रमिक के बच्चों को शिक्षित बनाने आर्थिक सहायता के रूप में 5 सौ रुपए की छात्रवृत्ति दी जाती है। विभाग से मिले आंकड़ों के अनुसार, प्रदेशभर से छात्रवृत्ति पाने के लिए 17 लाख 25 हजार से ज्यादा आवेदन किए गए थे, जिनमें 11 लाख 50 हजार 10 बच्चों को ही छात्रवृत्ति का लाभ मिल पा रहा है, वहीं 5 लाख से अधिक बच्चे इस योजना के लाभ से वंचित हैं। इधर विभागीय अधिकारियों का कहना है कि जिन बच्चों को लाभ नहीं मिल पा रहा है, उनमें ज्यादातर अपात्र थे। वहीं कई आवेदनों में दस्तावेज ही पेश नहीं किए हैं। इस कारण उनके आवेदन निरस्त किए गए हैं।

# शहर जिला भाजपा के 16 मंडलों की कार्यकारिणी तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन के चुनाव के बाद अब मंडल स्तर से कार्यकारिणी बनाने का काम चल रहा है। रायपुर शहर जिले में इस बार से 16 के स्थान पर 20 मंडल कर दिए गए हैं। पुराने 16 मंडलों की कार्यकारिणी तो लगभग तय हो गई और अनुमोदन के लिए जिला संगठन के पास पहुंच गई है। अब बचे चार मंडलों की कार्यकारिणी के आने के बाद जब सभी मंडलों की कार्यकारिणी का ऐलान हो जाएगा, तब इसके बाद जिले की टीम बनाने का काम किया जाएगा। जिले की टीम को अनुमोदन के लिए प्रदेश संगठन के पास भेजा जाएगा। प्रदेश भाजपा संगठन में बूथ कमेटियों के गठन, मंडलों और जिलों के चुनाव दिसंबर में समाप्त हो गए। इसके बाद भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष का भी चुनाव 17 जनवरी को हो गया। इसके बाद फरवरी तक तो कार्यकारिणी को लेकर कोई कवायद नहीं हुई, लेकिन मार्च में पहले मंडल और जिलों की कार्यकारिणी बनाने का ऐलान किया गया, लेकिन मार्च में मंडलों की कार्यकारिणी पूरी न होने पर अप्रैल का समय दिया गया तो भी कार्यकारिणी नहीं बन सकी। अब मई में मंडलों और जिलों की कार्यकारिणी बनाने की कवायद तेज कर दी गई है।



### रायपुर में चार मंडल बचे

प्रदेश भाजपा के पहले प्रदेश में 405 मंडल थे, इनमें इजाफा कर अब 476 मंडल बना दिए गए हैं। रायपुर शहर में पहले 16 मंडल थे, यहां अब 20 मंडल कर दिए गए हैं। रायपुर के मंडल अध्यक्षों का ऐलान भी बहुत देर से हुआ है। अब मंडलों की कार्यकारिणी बनाने की कवायद चल रही है। शहर जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर के मुताबिक, जिला संगठन के पास 16 मंडलों की कार्यकारिणी अनुमोदन के लिए आ गई है। इसे अंतिम रूप देने का काम चल रहा है। जल्द ही इसका ऐलान कर देंगे। चार और मंडलों की कार्यकारिणी भी जल्द अनुमोदन के लिए आ जाएगी। सभी मंडलों की कार्यकारिणी बनने के बाद जिले की कार्यकारिणी बनाने का काम किया जाएगा। इसको बनाने के बाद अनुमोदन के लिए प्रदेश संगठन के पास भेजेंगे।

# नियमितीकरण की 50 फीसदी राशि संबंधित निकाय को मिले



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा राजधानी के वीआईपी रोड स्थित निजी हॉटल में आयोजित दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम नगर सुराज संगम की शुरुआत सोमवार से हुई। कार्यक्रम में महापौर मीनल चौबे ने नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव और विभागीय सचिव के समक्ष नियमितीकरण से प्राप्त राशि में से 50 फीसदी राशि संबंधित नगरीय निकाय को दिए जाने की मांग की। उनका कहना है कि अवैध निर्माण के नियमितीकरण की प्रक्रिया में सारा काम नगर निगम के माध्यम से होता है। ऐसे में विकास कार्य के लिए नियमितीकरण से प्राप्त राशि का 50 फीसदी हिस्सा संबंधित निकाय को मिलनी चाहिए। वर्तमान में नियमितीकरण से मिलने वाली राशि का पूरा हिस्सा राज्य शासन के पास जाता है। नगर सुराज संगम कार्यक्रम में रायपुर नगर निगम की महापौर मीनल चौबे नगर निगम के राजस्व में बढ़ोतरी विषय पर कहा कि गरीबों से टैक्स के रूप में मूलधन के साथ दोगुना ब्याज लगाकर वसूलना उचित नहीं है, उनसे केवल मूल राशि ही ली जाए। गरीबों के आवास आवंटन से पूर्व उनके आवास में पेयजल की व्यवस्था प्रमुखता से की जाए।

# भूमि पट्टे की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय वार्ड नंबर 22 के परिवारों ने भूमि पट्टे की मांग को लेकर तहसील कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। ज्ञपन में कहा गया है कि आवास योजना के अनुसार पट्टे की आवश्यकता पड़ती हैं। वार्ड नंबर 22 के अनेक परिवारों के पास अपना भू स्वामी पट्टा नहीं है। भूमि पट्टा एक किफायती विकल्प प्रदान करता है, जिससे वे एक छोटी सी अवधि के लिए भूमि का उपयोग कर सकते हैं और आवास योजना का लाभ ले सकते हैं। उनके रहने की स्थिति में सुधार आ सके और गरीब परिवारों को सम्मानजनक आवास मिल सके। भूमि पट्टा बनाना महत्वपूर्ण है। ताकि, अधिक से अधिक जरूरतमंद परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ उठा सकें। परिवारों ने पट्टा उपलब्ध कराने की मांग की है।

**बच्चों से कराई गांजा बिक्री आधा दर्जन पर केस दर्ज : रायपुर।** जिला बाल संरक्षण अधिकारी की रिपोर्ट पर पुलिस ने बच्चों के माध्यम से गांजा बिक्री करने के आरोप में आधा दर्जन से ज्यादा आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। जांच के दौरान जिला बाल संरक्षण विभाग के अधिकारी तथा कर्मचारियों ने बच्चों को गांजा बेचते पाया। पूछताछ करने पर बच्चों ने अपने परिजनों के कहने पर गांजा बिक्री करने की जानकारी दी।

### //सूचना //

मैं प्रेम नारायण चंद्राकर, पिता श्री बिहारी लाल चंद्रकार, निवासी ग्राम पंचायत नांदगांव, पो. बेलसोंडा, तहसील व जिला-महासमुंद (छ.ग.) यह सूचित करता हूँ कि ग्राम - नांदगांव, तहसील व जिला - महासमुन्द (छ.ग.), के खसरा क्रमांक 2732 एवं 2738 रकबा 0.99 हेक्टेयर पर (गौण खनिज) फर्शीपत्थर उत्खनन पट्टा स्वीकृत है। जिसके नियमित संचालन के लिये राज्य स्तर पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (छ.ग.) के पत्र क्रमांक 493/एस.ई.आई. ए.ए.,छ.ग. / माईन / 1609 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 02/06/2023 के माध्यम से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। पर्यावरण स्वीकृति पत्र में दी गई नियम के अनुसार उक्त सूचना का प्रकाशन किया जा रहा है।

**प्रेम नारायण चंद्राकर**
**जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

# तेलीबांधा तालाब के पास स्मार्ट पार्किंग के लिए अभी और प्रतीक्षा

- रायपुर स्मार्ट सिटी ने पीपीपी मोड पर बिलासपुर की कंपनी के साथ किया है अनुबंध
- स्लॉट वाइज बुकिंग की मिलेगी सुविधा, 90 कारों के लिए पार्किंग स्पेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

राजधानी के तेलीबांधा तालाब के पास शहरवासियों की सुविधा के लिए बनाए जा रहे स्मार्ट पार्किंग का काम एक साल में भी पूरा नहीं हो पाया है। इसके चलते राजधानीवासियों को हाईटेक स्मार्ट पार्किंग की सुविधा नहीं मिल पा रही है। 1800 वर्गफीट जमीन पर स्मार्ट पार्किंग बनाई जा रही है। इसके लिए रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने बिलासपुर की की-स्टोन इंफ्राबिल्ड कंपनी के साथ अनुबंध किया है। दो चरणों में स्मार्ट पार्किंग का काम पूरा होना है। 90 कारों की यहां पार्किंग की जा सकेगी, पर स्मार्ट पार्किंग का काम अब तक पूरा नहीं होने से मरीन ड्राइव और तेलीबांधा के री-क्रिएशन जोन में आने-जाने वालों को गाड़ियां सड़क किनारे पार्क करनी पड़ रही हैं। निगम को तेलीबांधा तालाब के एसटीपी के पास से पार्किंग के लिए रास्ता देना था, पर रास्ता नहीं खोलने से काम प्रभावित हो रहा है। मरीन ड्राइव इलाके में पार्किंग की समस्या से जूझ रहे लोगों को अब तक राहत नहीं मिल पाई है। तेलीबांधा तालाब किनारे निर्माणाधीन हाईटेक स्मार्ट पार्किंग का काम अभी भी अधूरा है। नगर निगम को इस कार्य में फूटी-कौड़ी खर्च नहीं करनी पड़ेगी, बल्कि हर साल 16 लाख 65 हजार रुपए अनुबंधित कंपनी स्मार्ट पार्किंग के एवज में जमीन का किराया भी निगम को देगी। अपने तरह के इस अनूठे पार्किंग में मेट्रो सिटी की तर्ज पर स्लॉट वाइज गाड़ी पार्किंग की एडवांस बुकिंग का सिस्टम रहेगा।




### 20 साल के लिए ठेका

तेलीबांधा में स्मार्ट पार्किंग विकसित करने वाली कंपनी 20 साल तक स्मार्ट पार्किंग चलाएगी। शुरुआत में 10 साल के लिए पार्किंग संचालन का काम दिया जा रहा है। अनुबंध के मुताबिक कार्य संतोषप्रद पाए जाने पर इसकी अवधि 10 साल के लिए बढ़ाई जा सकती है। इस पार्किंग के शुरू होने से तेलीबांधा सहित आसपास के कालोनी के रहवासियों को ट्रैफिक जाम से राहत मिलेगी।

HEALTH TOWN


K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपतियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
◄ रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
SCAN ME
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001,
मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉंच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## विश्व रेडक्रॉस दिवस पर रक्तदान शिविर कल



**महासमुंद।** विश्व रेडक्रॉस दिवस पर भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा महासमुंद द्वारा 08 मई 2025 को एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध चिकित्सालय महासमुंद स्थित ब्लड बैंक में प्रातः10 बजे से प्रारंभ होगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य रक्तदान के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना, जरूरतमंदों को जीवनदान प्रदान करना तथा मानवीय मूल्यों को सुदृढ़ करना है। शिविर के आयोजन को सफल बनाने के लिए जिला कलेक्टर एवं पदेन अध्यक्ष विनय कुमार लंगेह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पी कुदेशिया, सभापति संदीप दीवान, उपसभापति डॉ. राकेश कुमार परदल, कोषाध्यक्ष पारस चोपड़ा तथा जिला संगठन एवं राज्य प्रतिनिधि डॉ. अशोक गिरि गोस्वामी ने जिले के नागरिकों, युवाओं एवं समाजसेवी संगठनों से अधिकाधिक संख्या में रक्तदान कर मानवता की सेवा में सहभागी बनने का आव्हान किया है।

## सम्मान समारोह व आदर्श विवाह 11 को

**नर्रा।** सुरमाल परिक्षेत्र के तत्वावधान में सम्मान समारोह व सामूहिक आदर्श विवाह आश्रित ग्राम मुनगासेर में 15 मई सन 1975 में आयोजित किया गया था। जिसकी 50वीं वर्षगांठ साहू समाज सुरमाल परिक्षेत्र क्र 1 के मुख्यालय ग्राम घोयनाबाहरा में 11 मई रविवार को साहू भवन में धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसमें स्वर्ण जयंती समारोह, सामूहिक आदर्श विवाह व सम्मान समारोह के बतौर मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव शिरकत करेंगे। विशिष्ट अतिथि में सांसद रुपकुमारी चौधरी, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, विधायक खल्लारी द्वारिकाधीश यादव, टहल सिंह साहू प्रदेश अध्यक्ष साहू समाज छग, येतराम साहू जिलाध्यक्ष भाजपा होंगे। विशेष अतिथि के रूप में रवि फरोदिया जिला पंचायत सदस्य व सभापति जल संसाधन विभाग, धरमदास साहू जिलाध्यक्ष साहू समाज, भेखलाल साहू तहसील अध्यक्ष साहू समाज बागबाहरा, देवेश साहू अध्यक्ष सुरमाल परिक्षेत्र क्र 4 व उपाध्यक्ष नगर पालिका बागबाहरा तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता नारायण लाल साहू संरक्षक साहू समाज सुरमाल परिक्षेत्र क्र 1 करेंगे।

### यात्रा : यात्रियों ने औढ़ा नागेश्वर, परली वैद्यनाथ का किया दर्शन

# द्वारकाधीश धाम में भागवत कथा श्रवण के लिए 80 तीर्थ यात्रियों का दल रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

द्वारकाधीश धाम गुजरात में आयोजित भागवत कथा के लिए नगर पुरोहित पंकज तिवारी के निवास से करीब 80 यात्रियों का जत्था 5 मई की शाम 4 बजे रवाना हुआ। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने सभी यात्रियों की कुशल कामना करते हुए यात्रा की शुभकामनाएं दी। शुभ मुहूर्त में 3 मई को दोपहर 2:30 बजे भगवान लड्डू गोपाल और भागवत पुराण की प्रस्थावना हुई थी।

जिसे चमन चंद्राकर पूर्व पार्षद के निवास पर विश्राम किया गया था। जहां से मुख्य जजमान शंकर इंद्राणी पांडेय, सह जजमान मनोजकांत सीता देवी साहू व सभी जजमानों ने शंख घंटनाद के साथ भागवत भगवान और लड्डू गोपाल को बस में जय घोष के साथ



विराजित किया और नारियल फोड़कर यात्रा प्रारंभ हुई। यात्रियों को विदा करने जजमान परिवारों के रिश्तेदार काफी संख्या में मौजूद थे। इसके पूर्व हेमंत महाराज, दिनेश महाराज ने सभी जजमानों को रक्षा सूत्र बांधकर आशीर्वचन दिया। यात्रा में प्रमुख रूप से मीना बाबूलाल साहू, रिखीराम ईश्वरी साहू, हीरालाल लक्ष्मी साहू, परमानंद किरण चंद्राकर, पप्पू साहू, पुष्प लता अग्रवाल, राजश्री अग्रवाल,ज्योति साहू, सोनी साहू, तारा चंद्राकर, हेमंत चंद्राकर, विजय लक्ष्मी चंद्राकर, राकेश शर्मा, अर्जित चंद्राकर, लता चंद्राकर, निर्मला चंद्राकर, मीना गिरजाशंकर चंद्राकर, ललिता प्रकाश चंद्राकर, विमला यादव, सुधा शर्मा, उर्मिला साहू, नीरा भारती, रंभा चंद्राकर, मंजू चंद्राकर आदि मौजूद थे। आयोजन समिति के मूलचंद सीमा लड्ढा, दिलीप प्रभा जैन, देवेंद्र चंद्राकर, राजेश नायक ने बताया कि 6 मई को सभी तीर्थ यात्रियों ने महाराष्ट्र में औढ़ा नागेश्वर, परली वैजनाथ ज्योतिर्लिंग के दर्शन कर नगर समेत कुटुंब परिवार के लिए मंगल कामना की। नगर से रवानगी के बाद त्रिमूर्ति कॉलोनी निवासी प्रीतक वाजपेयी ने राजनांदगांव में सभी बस यात्रियों का जलपान से स्वागत किया और औढ़ा नागेश्वर में भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई। गोमती द्वारका में 11 मई से 17 मई तक भागवत कथा का बखान पंडित पंकज तिवारी करेंगे। 17 दिनों के इस यात्रा में सभी तीर्थ यात्री आठ ज्योतिर्लिंग का दर्शन करते हुए 21 मई को वापस महासमुंद पहुंचेंगे।

# अफसर को सौंपा ज्ञापन, बिजली समस्या का समाधान की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने बिजली विभाग जिलाधिकारी विजय सिंह कंवर को ज्ञापन सौंपकर समस्या का जल्द निराकरण करने की मांग की। उन्होंने कहा कि महासमुंद विधानसभा के नगर व ग्रामीण इलाकों में विद्युत समस्या को लेकर आम जनता परेशान है। भीषण गर्मी में बिजली की आंख मिचौली की समस्या से नगर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के लोग परेशान है।

भीषण गर्मी व उमस भरे इस मौसम में शहर व ग्रामीण इलाकों में प्रतिदिन कई बार लोगों को अघोषित कटौती का सामना करना पड़ता हैं। लोगों का कहना है कि तेज धूप व उमस ने सभी को परेशान कर रखा है। ऊपर से बिजली की आंख मिचौली व अघोषित कटौती इस समय आग में घी डालने का काम करती है। रात हो या दिन किसी भी वक्त बिजली गुल हो जाती है, एक दिन में आठ से दस बार बिजली गुल होना आम बात हो गई है और रात के वक्त लो वोल्टेज के कारण कूलर व पंखे काम करना बंद कर देते है। बिजली की इस आंख मिचौली के कारण छोटे-छोटे बच्चों को ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। क्षेत्र में कब बिजली आएगी और कब कटेगी, इसका कोई समय-सारणी ही नहीं है। बिजली कटौती ने लोगों का जीना हराम कर दिया है। बावजूद इसके बिजली विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं



दिया जा रहा है। यह स्थिति क्षेत्र में लगातार बनी हुई है। गर्मी के मौसम में लोगों को नियमित रूप से बिजली नहीं मिलने से परेशानी और भी बढ़ गई है। उन्होंने इस समस्या का शीघ्र निराकरण करने की मांग की है।

# सुशासन तिहार में समस्याओं का होगा जल्द समाधान : योगेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- समाधान शिविर का आयोजन 31 तक

प्रदेशभर में सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन अलग-अलग ग्राम पंचायतों व नगरीय निकाय क्षेत्रों में किया जा रहा है। इस संबंध में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा है कि यह शिविर जनता की समस्या को दूर करने के लिए लगाया जा रहा है। साथ ही उनकी मांगों को पूरा भी किया जाएगा। इसके लिए अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित भी किया गया है। सोमवार को महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बिरकोनी में आयोजित समाधान शिविर में विधायक योगेश्वर राजू



सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए थे। उन्होंने वहां लगे स्टॉल का अवलोकन कर आए हुए आमजन से चर्चा की। उनसे चर्चा के दौरान उन्होंने आश्वस्त किया कि उनके द्वारा दिए गए समस्या संबंधी आवेदन का निराकरण त्वरित किया जाएगा। उन्हें पूरा भरोसा दिलाया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुशासन की सरकार हर वर्ग के साथ न्याय कर रही है। इसलिए प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति के समस्या का समाधान किया जाएगा। सुशासन तिहार के अंतर्गत लगने वाले स्टॉल में प्रदेश सरकार की विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में भी जानकारी दी जा रही है। इससे लोगों तक एक-एक योजनाओं की जानकारी पहुंच रही है। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन 5 मई से 31 मई तक किया जाएगा। जहां आवेदकों को उनके आवेदनों की स्थिति की जानकारी दी जाएगी। साथ ही आवश्यकतानुसार मौके पर ही निराकरण किया जाएगा। इसके लिए शिविर में पर्याप्त व्यवस्था रहेगी।

### शासन और नागरिकों के बीच पारदर्शी संवाद स्थापित करना

विधायक सिन्हा ने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य शासन और नागरिकों के बीच पारदर्शी संवाद स्थापित करना है। समाधान पेटी और ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त आवेदनों का निपटारा निर्धारित समय-सीमा में किया जाएगा।

### अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने सुशासन तिहार से संबंधित समाधान शिविर के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि शिविर में आने वाले प्रत्येक व्यक्तियों को सरकार की योजनाओं की जानकारी देना है। जनता की ओर से किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। जनता सर्वोपरि है उनके समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करने के प्रयास करना है।

### राज्य में हो रहे अभूतपूर्व विकास कार्य

विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार अनेक विकास कार्य कर रही है। केंद्र एवं राज्य में डबल इंजन की सरकार ने अनेक लोक कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है, जिसका लाभ आमजन तक पहुंच रहा है। राज्य में सुशासन के संकल्प को पूरा करने के लक्ष्य के साथ काम शुरू किया गया है। राज्य के हर वर्ग गांव, गरीब, किसान, मजदूर, युवा और महिलाओं के विकास के लिए बड़े कदम उठाए गए हैं।

# जल संरक्षण में सबकी सहभागिता हो : देवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

नगर के तालाबों में सफाई के अभाव के कारण काफी गंदगी, कचड़ा और अन्य अपशिष्ट जमा हो गए है। व्यापारी तालाब को पुनर्जीवित करने के लिए नगर पालिका उपाध्यक्ष देवेश साहू ने नगर पालिका प्रशासन को ध्यान आकर्षित कराकर जल संरक्षण सप्ताह मानने का निर्णय लेकर सफाई अभियान व्यापारी तालाब में चलाया जा रहा है।

देवेश साहू ने व्यापारी तालाब निवासियों को पानी की महत्व को



समझाते हुए आग्रह किया है कि लोग अपने घर के कचरे को तालाब में ना फेंके और न ही गंदगी करें। तालाब का पानी प्रदूषित होने से रोके, ताकि भयंकर बीमारियों के फैलने से बच सके। नगर पालिका के सहयोग से सफाई कार्य प्रारंभ हुआ है। व्यापारी तालाब सफाई के दौरान जिन घरों का गंदा पानी तालाब में बहाया जा रहा है, उसे रोकथाम के लिए शीघ्र ही बैठक विकल्प निकाला जाएगा। इस व्यापारी तालाब के साथ साथ नगर के अन्य तालाब को बचाने नगर पालिका प्रशासन ततपर है। बरसात का पानी संचित कर तालाब को पुनर्जीवित करना है। इस तालाब सफाई निरीक्षण में वार्डवासी बंशी चंद्राकर व सोनू सहिस मौजूद रहे।

## महासमुंद में जिला स्तरीय शतरंज चयन स्पर्धा 13 को

**महासमुंद।** जिला शतरंज संघ व रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में जिला शतरंज चयन स्पर्धा 13 मई को रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल में किया जाएगा। इस स्पर्धा में केवल अंडर 7, अंडर 9, अंडर 11 व अंडर 13 आयु वर्ग के खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता अंतर्राष्ट्रीय नियमानुसार स्विस लीग पद्धति से होगी। जिसमें खिलाड़ियों को सभी चक्र खेलना आवश्यक होगा। स्पर्धा के लिए टाइम कंट्रोल बगैर किसी इंक्रीमेंट के दोनों खिलाड़ियों को 15-15 मिनट दिए जाएंगे। प्रतियोगिता के अंतिम चक्र पश्चात खिलाड़ियों के समान अंक आते है तो ऐसी स्थिति में ऑल इंडिया चेस फेडरेशन द्वारा निर्धारित टाई ब्रेक नियमों का पालन किया जाएगा। जिला एवं प्रदेश शतरंज संघ के सचिव हेमन्त खुटे ने जानकारी देते हुए बताया कि अन्य कैटेगरी के लिए खेल कैलेंडर भी जल्द घोषित किया जाएगा। प्रतियोगिता के संबंध में अधिक जानकारी टूर्नामेंट डायरेक्टर हेमंत खुटे व स्पोर्ट्स टीचर कुनेन अहमद (रिवरडेल स्कूल) देंगे।

## अहिल्या को मौके पर मिला श्रमिक कार्ड, अब शासन की योजनाओं का मिलेगा पूरा लाभ

**महासमुंद।** राज्य शासन द्वारा चलाए जा रहे सुशासन तिहार के अंतर्गत 5 मई को पिथौरा विकासखंड की ग्राम पंचायत गोपालपुर में आयोजित समाधान शिविर में हितग्राही अहिल्या साहू को त्वरित लाभ प्रदान किया गया। शिविर में श्रम विभाग की टीम द्वारा उनकी पात्रता की पुष्टि करने के उपरांत तत्काल पंजीयन किया गया और मौके पर ही उन्हें श्रमिक पंजीयन कार्ड प्रदान किया गया। श्रमिक कार्ड प्राप्त होने से अहिल्या साहू अब शासन की विभिन्न योजनाओं जैसे स्वास्थ्य सहायता, शिक्षा प्रोत्साहन, आवास सहायता सहित कई अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगी। श्रमिक कार्ड मिलने



पर अहिल्या साहू ने प्रसन्नता जाहिर की।

# सारडीह में ग्राम कमेटी का किया गया गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी ब्लाक इकाई के अठगवा परिक्षेत्र बेलसोंड़ा अध्यक्ष गोवर्धन बांधे व सचिव राकेश जांगडे की अगुवाई में ब्लाक अध्यक्ष चित्रकुमार भारती की अध्यक्षता में ग्राम सारडीह में बैठक हुई। जिसमें पूर्व प्रदेश अध्यक्ष यूथ दिनेश बंजारे की परिकल्पना पर विस्तृत चर्चा करते हुए ब्लाक प्रवक्ता पूरणसिंग बघेल ने बैठक के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला औऱ समाजजनों को ग्राम कमेटी बनाने आह्वान किया।



मनोनयन में सर्वसम्मति से अध्यक्ष राधेश्याम कुर्रे, उपाध्यक्ष लालजी चेलक, फुलबतिया गायकवाड़, सचिव भूपेंद्र बघेल, सहसचिव गायकवाड़, कोषाध्यक्ष राहुल कुर्रे, मीडिया प्रभारी देवदास मांडे, अध्यक्ष यूथ गोर चतुर्वेदी का मनोनयन किया गया। ब्लाक सचिव गणेश टण्डन ने बाइलॉज से परिचित कराया। ब्लाक अध्यक्ष चित्रकुमार भारती ने समाजजनों को संबोधित करते हुए प्रदेश व जिला कार्यकारिणी के संदेशों, रीति नीति का निर्धारण, शाकाहारी भोजन व नशामुक्त, सतनाम संस्कृति के अनुरूप संस्कारित समाज बनाने प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर ब्लाक कार्यकारणी के ब्लाक सहसचिव महादेव चतुर्वेदी, महेश जोशी अध्यक्ष यूथ, देव जोशी सचिव खट्टी परिक्षेत्र एवं ग्राम समाज से किरण मारकंडे, मंगलदास, विमल, देवा गायकवाड़, जोगी, लवकुमार,अजय, पूरण रात्रे, गज्जू सोनवानी, भानु चतुर्वेदी, धर्मदास कुर्रे आदि मौजूद रहे।

# शिशु संस्कार केन्द्र में परीक्षा परिणाम घोषित, कक्षा नर्सरी से 11वीं तक के छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**महासमुंद।** 30 अप्रैल 2025 को शिशु संस्कार केंद्र में वार्षिक परीक्षाफल 2024-25 घोषित किया गया। परीक्षा में नर्सरी से 11वीं तक विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पारस चोपड़ा, सचिव शरद मालू व प्रबंधक मनोहर महांती ने प्रावीण्य सूची का विधिवत अनावरण किया व अंक सूची भी वितरित किए गए। कक्षा नर्सरी से 8वीं तक 100 प्रतिशत के साथ-साथ कक्षा 9वीं का परीक्षाफल 92 प्रतिशत व 11वीं का परीक्षाफल 96 प्रतिशत रहा।

कक्षा नर्सरी में प्रथम काव्यांश पटेल, द्वितीय पीयूष कुमार तिबुडे, रूबी ध्रुव, ध्वंस सेन, तृतीय तक्ष पटेल, लव्या सिन्हा, केजी 1में प्रथम आदिला फातिमा, लक्षिका साहू, अन्वय गुप्ता, हिमांशी यादव, गीतांजलि निषाद, भाव्यांश निषाद, द्वितीय पलक साहू, गरिमा यादव, शीतल साहू, वीरा ढीमर, तृतीय मानसी साहू, श्वेता यादव, केजी 2 में प्रथम पीयूष दीवान, विहान ढीमर, आनंदी भोई, लक्ष कुमार साहू, गौरव कुमार श्रीवास, ईशिका साहू, द्वितीय माहिर बेहरा, तृतीय थानवी विभार, कुलसुम बानो, साची चंद्राकर, कक्षा पहली में प्रथम जतिन दीवान, टीयांश चक्रधारी, द्वितीय थारिका यादव, तृतीय केशिका साहू, कुणाल यादव, कक्षा दूसरी में प्रथम यश कुमार साहू, द्वितीय कंचन साहू, अशफिया वारसी, आयशा खातून, मानसी सोनवानी, तृतीय मोक्षिता यादव, कुलेश्वर विश्वकर्मा, अंकित साहू कक्षा तीसरी में प्रथम कुमारी गरिमा यादव, टिकेश कुंभकार, द्वितीय गोपिका साहू, कंचन पटेल, सौम्या सिन्हा, तृतीय प्राची दीवान, कक्षा चौथी में प्रथम मयंक पटेल, द्वितीय बबली ठाकुर, तृतीय मानव पटेल, वीणा तंबोली, कक्षा पांचवी में प्रथम एकांत ध्रुव, द्वितीय भावना यादव, तृतीय सुजल तांडी, संस्कृति नामदेव, विकास कुमार धीवर, कक्षा 6वीं में प्रथम साक्षी पांडेय, द्वितीय गीतांजलि कन्नौजे, मयंक चंद्राकर, तृतीय खुशी, नम्रता साहू, कक्षा 7वीं में प्रथम गीना रानी, मिताली सोनवानी, द्वितीय निशा चंद्राकर, यामिनी बघेल, तृतीय सुभाग्य नामदेव, कक्षा 8वीं में प्रथम जिगर चंद्राकर, द्वितीय दीपिका नायक, तृतीय ऐश्वर्य तिवारी, कक्षा 9वीं का परीक्षाफल 92 प्रतिशत रहा। कक्षा 9वीं में प्रथम प्रियांशी कुमारी 98.6 प्रतिशत, द्वितीय भार्गवी यादव 98.5 प्रतिशत, तृतीय गौरव सेन 95.16 प्रतिशत, कक्षा 11वीं का परीक्षाफल 96 प्रतिशत कक्षा 11वीं (विज्ञान) में प्रथम खुशी स्वाई 96.6 प्रतिशत, कक्षा 11वीं ठ (वाणिज्य) में प्रथम राज नामदेव 93.2 प्रतिशत, कक्षा11वीं ब (कला) में प्रथम रिया देवांगन 77 प्रतिशत रहे। छात्रों की सफलता पर प्राचार्य अवनीश वानी, प्रधानाचार्य नैना श्रीवास्तव, सहप्रधानाचार्य भावना गांधी व शाला परिवार के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने हर्ष जताया है।

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स पटना के लिए प्रांजलि का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

7वां खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 का आयोजन 4 से 15 मई 2025 तक बिहार में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य की रग्बी फुटबॉल टीम में महासमुंद जिले की प्रांजलि भारती पिता कन्हैया तेंदूवाही का चयन हुआ है। प्रांजलि स्वामी आत्मानंद शासकीय हाईस्कूल तुमगांव में कक्षा 11वीं की छात्रा है।

रग्बी खेल का अभ्यास प्रतिदिन तुमगांव खेल मैदान में प्रशिक्षक डॉ सुनील कुमार भोई व्यायाम शिक्षक भोरिंग के नेतृत्व में किया जाता हैं। जहां आसपास क्षेत्र के बच्चे खेल विभिन्न अभ्यास करने आते हैं। खेलो इंडिया यूथ गेम्स बिहार के लिए चयनित होने पर अध्यक्ष नगर पंचायत तुमगांव बलरामकांत साहू, उपाध्यक्ष सावित्री उत्तम निर्मलकर, पार्षद रामशरण निर्मलकर, पार्षद गौतम सिन्हा,



पार्षद चोवा राम तांडेकर, पार्षद शिव यादव, भुवनेश्वर साहू, पार्षद रोहित साहू, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, शत्रुहन निषाद, राहुल यादव, पिंटू सिंह, हर्ष शर्मा, जमील कुरैशी, रितेश अग्रवाल, कुबेर साहू, केके चंद्राकर, संगीता रात्रे, प्राचार्य लंकेश कुरील, प्राचार्य जियो वर्गिश, जितेंद्र साहू, बलराम नेताम, डॉ सुनील कुमार भोई व्यायाम शिक्षक, जगदीश धीवर, कामता साहू, डोलेश होता, एवन साहू, आयुष निर्मलकर, लिशांशु साहू, शुभांश शर्मा, अभिषेक, ओंकार निषाद, गीताजंलि, ममता आदि ने हर्ष जताया है।

# नपाध्यक्ष के निर्देश पर मानसून के पहले नालियों की सफाई कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के निर्देश पर नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न वार्डों में बारिश के पूर्व बड़ी नालियों की सफाई



कराई जा रही है। जिससे पानी निकासी बेहतर हो सके और लोगों को बारिश के दिनों में परेशानी का सामना ना करना पड़े। बारिश के मौसम में निकासी नालियों से बरसाती पानी के व्यवस्थित ढंग से निकासी के लिए नगर पालिका द्वारा नालियों की साफ सफाई पहले से कराई जा रही है।

बारिश पूर्व तैयारी को पूर्ण करने के उद्देश्य वृहद स्तर पर कार्य किया जा रहा है। इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि वार्डों में निकासी नालियों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। शहर के बीचों बीच बहने वाली बड़ी नाली की सफाई की जा रही है। सफाई कार्य में जेसीबी, ट्रैक्टर एवं अन्य संसाधनों के साथ पालिका के कर्मचारी लगे हुए हैं। बारिश का पानी आसानी के साथ निकासी नाली के माध्यम से बाहर निकल सकेगा।

